






## रक्तदाताओं को प्रोत्साहित कर दिए जाएंगे प्रशस्ति पत्र : कलेक्टर

**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रक्तदान से जुड़े समाजसेवी संगठनों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल को निर्देश दिए कि रक्तदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएं। ब्लड बैंक में आने वाले रक्तदाताओं को फल, ताजा जूस एवं प्रेरक संदेशों वाले स्मृति चिन्ह उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने रक्तदान जागरूकता के लिए शीघ्र ही विशाल रैली आयोजित करने तथा रक्तदान शिविरों की तिथि और स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वैच्छिक रक्तदाताओं के लिए चार माह बाद रिमाइंडर सुविधा और हेल्पलाइन शुरू करने की बात कही गई। ओंकारेश्वर में मंदिर ट्रस्ट व रेडक्रॉस के सहयोग से स्थायी रक्तदान यूनिट स्थापित करने, जनप्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित करने तथा रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियां दूर करने के लिए प्रमुख स्थानों पर फ्लेक्स लगाने के निर्देश भी दिए गए।

## आई टी आई खंडवा में रोजगार मेला संपन्न

**खंडवा ।** शासकीय आई टी आई खंडवा में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया । जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि इस रोजगार मेले में 3 कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में कुल 140 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया था, जिनमें से कंपनियों द्वारा कुल 93 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर प्रदान किये। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 45 युवक युवतियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## मुसाफिरों, नौकरों व किरायेदारों की देनी होगी जानकारी

**खण्डवा ।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इसमें सभी होटल, लॉज व धर्मशालाओं के संचालकों को आदेशित किया है कि किसी भी व्यक्ति को ठहराने से पूर्व उसका प्रमाणिक पहचान पत्र अवश्य प्राप्त करें तथा ठहरने वाले व्यक्तियों के विवरण संबंधी जानकारी थानों को उसी दिन दे दी जाये। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक मकान मालिक को अपने नए किरायेदारों की तथा घरेलू नौकरों के स्वामियों को अपने घरों अथवा संस्थानों में नियुक्त नए कर्मचारियों की जानकारी संबंधित थाने में आवश्यक रूप से देनी होगी। आदेश का पालन न करने पर संबंधित के विरूद्ध धारा 223 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश आगामी 5 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

## बिना अनुमति जुलूस-धरने पर प्रतिबंध, शहर 'नो ड्रोन जोन' घोषित

**खंडवा।** खंडवा जिले में अब बिना अनुमति के किसी भी तरह का जुलूस, धरना या प्रदर्शन करने पर प्रशासन ने पूरी तरह रोक लगा दी है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 का उपयोग करते हुए यह सख्त आदेश जारी किया है, जो आगामी 5 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस आदेश के दायरे में हरसूद, पंधाना, मूंदी और ओंकारेश्वर नगरों की सीमाएं भी शामिल होंगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगरीय क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से आम जनता के आवागमन में बाधा नहीं आनी चाहिए। किसी भी आयोजन के लिए आयोजकों को अब कम से कम 15 दिन पहले अनुमति के लिए आवेदन देना अनिवार्य कर दिया गया है।

प्रशासन ने नियमों को और कड़ा करते हुए निर्देश दिए हैं कि आवेदन में आयोजक को अपना मोबाइल नंबर, फोटो, शामिल होने वाले लोगों की अनुमानित संख्या और रैली में प्रयुक्त होने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहनों का पूरा ब्यौरा देना होगा। जुलूस की वीडियोग्राफी कराना अब अनिवार्य होगा, जो पुलिस विभाग के निर्देशन में संपन्न होगी और इसका पूरा खर्च आयोजक को ही वहन करना होगा। सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न धार्मिक जुलूसों, शोभायात्राओं और धरना-प्रदर्शनों के दौरान खंडवा शहर को 'नो ड्रोन जोन' घोषित किया गया है। साथ ही, रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) के उपयोग पर रोक रहेगी और सार्वजनिक भवनों, खंभों व सड़कों के आसपास पोस्टर-बैनर लगाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सख्त हिदायत दी है कि रैली या जुलूस के दौरान एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और शासकीय वाहनों को रास्ता देने की नैतिक व प्रशासनिक जिम्मेदारी आयोजकों की होगी। रैली में शामिल वाहनों में ओवरलोडिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# निर्माणाधीन डुलहार मार्ग से राहगीर परेशान, वैकल्पिक रास्तों पर बढ़ा ट्रैफिक का दबाव

**खंडवा।** लंबे समय से खस्ताहाल स्थिति में पड़े खंडवा - डुलहार मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को अब दोहरी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर सड़क की जर्जर हालत और दूसरी ओर निर्माण कार्यों के कारण कई स्थानों पर बाधित यातायात ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि अब बड़ी संख्या में वाहन चालक इस मार्ग से निकलना पसंद नहीं कर रहे और वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेने लगे हैं। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर अचानक ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से सड़क की हालत खराब बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई सतह और धूल-धक्कड़ के कारण सफर जोखिम भरा हो गया है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद स्थिति और जटिल हो गई है। कई स्थानों पर स्पष्ट डायवर्जन या चेतावनी संकेत नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़े वाहनों ने खस्ताहाल सड़क से पहले ही किनारा कर लिया था, लेकिन अब छोटे वाहन चालक भी वैकल्पिक मार्ग तलाशने लगे हैं।




बड़ी बोरगांव क्षेत्र से आने वाले अधिकांश वाहन कोहड़द, बाघमार और सिरपुर होते हुए खंडवा पहुंच रहे हैं। वहीं पंधाना और दिवाल क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण हाइवे से सटे चमाटी से होकर गुजरने वाले ग्रामीण मार्ग को वैकल्पिक रास्ते के रूप में उपयोग कर रहे हैं। इससे छोटे गांवों आबूद, कोरगला की संकरी सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव अचानक बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले जहां दिनभर में सीमित वाहन गुजरते थे, अब वहां लगातार आवाजाही बनी रहती है। इससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों और दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह सड़कें ग्रामीण स्तर की होने के कारण भारी ट्रैफिक का भार झेलने में सक्षम नहीं हैं। स्थिति यह भी बताई जा रही है कि कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी इस खंडवा डुल्हार मार्ग से जाने में गुरहेज कर रहे है। नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, अस्थायी यातायात व्यवस्था बेहतर की जाए और वैकल्पिक मार्गों पर सुरक्षा के उपाय किए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो।

## ओंकारेश्वर के युवाओं का अद्भुत संकल्प — विश्व शांति हेतु सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का अनुष्ठान



**ओंकारेश्वर।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में युवाओं द्वारा धर्म, आस्था और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। विश्व शांति, मानव कल्याण और सनातन संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से यहां के युवाओं ने सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का विशाल संकल्प लिया है। यह दिव्य अनुष्ठान 11 अप्रैल 2023 से श्री मनकामनेश्वर वीर हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुआ और तब से प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है।

पंडित श्रीकांत जोशी ने बताया कि इस अनुष्ठान समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक जागृति और आपसी सद्भाव को बढ़ावा दे रहा है। युवा भक्त देशभर के प्राचीन हनुमान मंदिरों में जाकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। अब तक लगभग 31 हजार पाठ पूरे हो चुके हैं और लक्ष्य पूरा होने तक यह धार्मिक यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

अनुष्ठान की विशेषता यह है कि इसमें शामिल प्रत्येक श्रद्धालु स्वयं 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करता है, जिससे यह व्यक्तिगत साधना और सामूहिक भक्ति दोनों का अनूठा संगम बन जाता है। मंदिर परिसर में हर मंगलवार भक्ति की गूंज, जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठता है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन नई पीढ़ी में धार्मिक संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दे रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से इस पुण्य अनुष्ठान में शामिल होकर सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ को पूर्ण करने में सहयोग देने की अपील की है। उनका मानना है कि सामूहिक प्रार्थना और भक्ति से समाज में शांति, शक्ति और सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## पेयजल योजनाएं पूर्ण कर पंचायतों को सौंपें : कलेक्टर



**खंडवा।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्टर सभागृह में आयोजित हुई। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता की अध्यक्षता हुई बैठक में पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन यंत्री वर्षा शिवपुरे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की सभी अधूरी पेयजल योजनाएं फरवरी माह के अंत तक पूर्ण कर ली जाएं तथा पूर्ण हो चुकी नल-जल योजनाओं को शीघ्र संबंधित पंचायतों को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और एसडीएम को संयुक्त निरीक्षण कर योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

बैठक में कहा गया कि योजनाओं के बेहतर संचालन व संधारण के लिए ग्रामीणों से नियमित जलकर वसूली आवश्यक है, ताकि पंचायतों को भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न आए। जानकारी दी गई कि खंडवा विकासखंड में 60 और बलडी विकासखंड में 45 नल-जल योजनाएं पूर्ण होकर पंचायतों को सौंप दी गई हैं। जिले में वर्तमान में 2 लाख से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि 122 समूह जल प्रदाय योजनाएं संचालित हैं।

## परीक्षा पे चर्चा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, स्कूलों में होगा लाइव प्रसारण

**खंडवा।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 6 फरवरी को विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से संवाद करेंगे। इस दौरान वे परीक्षा से जुड़े तनाव, शंकाओं और चुनौतियों पर चर्चा करते हुए छात्रों को सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में सुबह 10 बजे से सीधा प्रसारण किया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में होगा।

वर्ष 2018 से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम का यह 9वां संस्करण है। कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, यूट्यूब, पीएमओ वेबसाइट, स्वयंप्रभा, दीक्षा चैनल सहित विभिन्न डिजिटल और निजी प्लेटफॉर्म पर होगा। मध्यप्रदेश में ऑनलाइन पंजीयन के दौरान कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 22.95 लाख विद्यार्थियों सहित कुल 24.41 लाख लोगों ने सहभागिता की। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए हैं।

## आपत्तिजनक पोस्ट करने पर होगी दण्डात्मक कार्रवाई

**खण्डवा ।** वॉट्सअप, फेसबुक व सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म्स पर आपत्तिजनक पोस्ट करने और सोशल मीडिया के माध्यम से धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। जारी आदेश के अनुसार आपत्तिजनक संदेश, फोटो या वीडियो को फारवर्ड करने अथवा पोस्ट करने पर ग्रुप एडमिन तथा संदेश प्रसारित करने वाले के विरूद्ध यह दण्डात्मक कार्यवाही होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

जारी आदेश के अनुसार फेसबुक संचालन करने वाले नागरिक तथा वॉट्सअप ग्रुप एडमिन अपने ग्रुप में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले संदेश के लिए जिम्मेदार होंगे। अतः ग्रुप एडमिन से कहा गया है कि वे स्वयं ऐसा कोई विवादास्पद संदेश न तो खुद प्रसारित करे और ना ही अपने ग्रुप के सदस्यों को ऐसा करने दें। यदि वॉट्सअप ग्रुप में कोई आपत्तिजनक संदेश ग्रुप के किसी भी सदस्य द्वारा प्रसारित किया जाता है तो एडमिन की जिम्मेदारी होगी कि वह इसके संबंध में निकटतम पुलिस थाने को सूचित करे। ऐसा न करने पर ग्रुप एडमिन घटना के लिए जिम्मेदार माना जायेगा। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे वॉट्सअप अथवा फेसबुक पर किसी धर्म सम्प्रदाय के संबंध में आपत्तिजनक संदेश या चित्र फारवर्ड न करे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। यह आदेश आगामी 5 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेंगे।

## ब्रेन हेमरेज पीड़ित पूर्व अधिवक्ता के लिए आर्थिक मदद की पहल

**खंडवा।** जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व सदस्य एवं वर्तमान में जिला न्यायालय खंडवा में न्यायिक कर्मचारी के रूप में पदस्थ गोविंद सैनी को 3 फरवरी को अचानक ब्रेन हेमरेज होने के बाद इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन कर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार आगे भी मस्तिष्क संबंधी सर्जरी एवं उपचार जारी रहना है। पारिवारिक आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण विधि प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पदाधिकारी अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में मोहन गंगराड़े, विजय चौधरी, रजनीश सोनी, ह्रदयेश बाजपेई, सुनील आर्य, द्वारका दास असवानी, नवीन हनवे, विन्रम गंगराड़े, पुष्पा गौर, उत्कर्ष गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ताओं ने जिला कलेक्टर ऋषभ गुप्ता से मुलाकात कर रेडक्रॉस सोसाइटी एवं शासन की योजनाओं से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। कलेक्टर ने सहानुभूतिपूर्वक तत्काल सहायता राशि स्वीकृत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ने भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र भेजकर उपचार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है।



## स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं का परीक्षण



*__खंडवा।__ खालवा विकासखंड के ग्राम पाडल्या एवं चुनाखाल के उपस्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों व स्वास्थ्य टीम ने गर्भवती महिलाओं की जांच कर कम हीमोग्लोबिन, उच्च रक्तचाप सहित अन्य जटिलताओं के आधार पर हाई रिस्क गर्भवतियों की पहचान कर उनकी काउंसलिंग एवं उपचार किया। महिलाओं को पोषणयुक्त आहार लेने और नियमित जांच कराने की सलाह दी गई। कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं को आयरन सूक्रोज उपचार हेतु चिन्हित किया गया। साथ ही हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के लिए समय से पूर्व जिला अस्पताल के बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया गया।*

## विधानसभा और मंडल प्रभारियों नियुक्तियों को मिली हरी झंडी

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले में संगठनात्मक ढांचे में लंबे समय से लंबित नियुक्तियों को अंतिम रूप देते हुए विधानसभा और मंडल स्तर पर प्रभारियों की घोषणा कर दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा की सहमति से जिले की चारों विधानसभा सीटों और मंडलों के लिए नई टीम की कमान सौंपी है। पार्टी प्रवक्ता सुनील जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अध्यक्ष श्री तोमर ने संगठन के कामकाज को गति देने और बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की हैं। संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले विधानसभा प्रभारी के पदों पर वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसमें खंडवा विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, मांधाता विधानसभा क्षेत्र के लिए सूरजपाल सिंह सोलंकी, हरसूद विधानसभा क्षेत्र के लिए संतोष सोनी एवं पंधाना विधानसभा क्षेत्र के लिए सुखदेव पटेल को संगठन की दृष्टि से विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रवक्ता सुनील जैन और कार्यालय मंत्री भारत पटेल ने बताया कि विधानसभा के साथ-साथ मंडल स्तर पर भी संगठनात्मक कसावट की गई है। खंडवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कावेश्वर जावर मंडल के लिए नंदन करोड़ी, ब्रह्मगिर अमलपुरा मंडल के लिए तपन डोंगरे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के लिए सुधांशु जैन, अटल बिहारी वाजपेयी मंडल के लिए प्रशांत मिश्रा और कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के लिए प्रियांशु चौरे को मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है।



इसी तरह पंधाना विधानसभा क्षेत्र में चीचगोहन मंडल के लिए मुकेश पटेल, छैगांव माखन मंडल के लिए हीरालाल पटेल, बोरगांव मंडल के लिए सत्येंद्र सिंह चौहान, पंधाना मंडल के लिए मुकेश जायसवाल, सिंगोट मंडल के लिए जितेंद्र मंडलोई और गुड़ी मंडल के लिए शेखर पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मांधाता विधानसभा क्षेत्र में भी नए प्रभारियों की घोषणा की गई है, जिसमें ओंकारेश्वर मंडल के लिए दशरथ कलमे, पुनासा मंडल के लिए सखाराम यादव, कावेरी मंडल के लिए इंदु दुबे, मूंदी मंडल के लिए श्याम सिंह मौर्य और किल्लोद मंडल के लिए रामकिशन शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। वहीं हरसूद विधानसभा क्षेत्र के तहत हरसूद ग्रामीण मंडल के लिए महेंद्र सिंह राजपूत, हरसूद नगर मंडल के लिए सुशील पटेल, आशापुर मंडल के लिए गया प्रसाद पांडे, रोशनी मंडल के लिए रामपाल सिंह, खार मंडल के लिए राजेश मालवीय और खालवा मंडल के लिए ललित कुमार को नियुक्त किया गया है। लंबे समय से रुकी इन नियुक्तियों की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी नवनियुक्त प्रभारियों को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## कलेक्टर ने देवझिरी में शिवरात्रि मेले की तैयारियों का जायजा लिया

**खंडवा ।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने गुरुवार शाम को छैगांवमाखन विकासखंड के ग्राम देवझिरी में शिवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाले मेले के लिए की जा रही तैयारियो का जायजा लिया। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करने के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत छैगांवमाखन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पंकज डाले एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने मेला स्थल के आसपास वाहन पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, अस्थाई शौचालय की व्यवस्था तथा मेला स्थल पर साफ सफाई के लिए पंचायत सचिव को निर्देशित किया।